# भारतीय रिज़र्व बैंक

**केन्द्रीय भर्ती अनुभाग**
**मानव संसाधन प्रबंध विभाग**
**विज्ञापन सं. . 1 /सहायक/2011-12**
**भारतीय रिज़र्व बैंक में सहायकों की भर्ती**

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई/बैंक) में सहायक के पद के लिए भारतीय नागरिकों, नेपाल के नागरिकों और भूटान की प्रजा और भारतीय मूल के वे नागरिक जो पाकिस्तान, म्यांमार, श्रीलंका और पूर्वी अफ्रीकी देशों या केन्या, युगांडा और तंजानिया के संयुक्त गणतंत्र से भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से आए हैं, और जिनके पक्ष में भारत सरकार द्वारा पात्रता प्रमाणपत्र जारी किया जा चुका है, से आवेदन आमंत्रित हैं। आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को यह निश्चित कर लेना चाहिए कि वे पद के लिए निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। **उम्मीदवारों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर ऑनलाइन आवेदन करें।**

महत्वपूर्ण तारीखें :-

| | |
|---|---|
| बेबसाइट लिंक खुला रहेगा | **01.03.2012** से **25.03.2012** तक |
| लिखित परीक्षा (अनंतिम) | **29.04.2012** |
| बैंक शाखाओं में फीस का भुगतान | **01.03.2012** से **27.03.2012** तक |

| क्रमांक | कार्यालय | रिक्तियां | | | | | विकलांग * | | | एक्स * | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अजा | अजजा | अपिव | सामान्य | कुल | वीएच | एचआई | ओएच | एक्स-1 | एक्स-2 |
| 1 | अहमदाबाद | 0 | 4 | 17 | 24 | 45 | 1 | 1 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | बैंगलूरु | 7 | 3 | 12 | 23 | 45 | 0 | 1 | 0 | 2 | 4 |
| 3 | भोपाल | 3 | 10 | 2 | 15 | 30 | 1 | 1 | 0 | 1 | 3 |
| 4 | भुवनेश्वर | 3 | 0 | 5 | 32 | 40 | 1 | 1 | 0 | 1 | 4 |
| 5 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 11 | 14 | 25 | 1 | 1 | 0 | 1 | 2 |
| 6 | चेन्नई | 23 | 0 | 22 | 45 | 90 | 2 | 2 | 1 | 4 | 9 |
| 7 | गुवाहाटी | 0 | 12 | 8 | 20 | 40 | 1 | 1 | 0 | 1 | 4 |
| 8 | हैदराबाद | 7 | 3 | 12 | 23 | 45 | 1 | 1 | 1 | 2 | 4 |
| 9 | जयपुर | 6 | 4 | 7 | 18 | 35 | 0 | 1 | 0 | 1 | 4 |
| 10 | जम्मू | 0 | 3 | 9 | 13 | 25 | 1 | 1 | 0 | 1 | 2 |
| 11 | कानपुर और लखनऊ | 10 | 0 | 12 | 23 | 45 | 1 | 1 | 1 | 2 | 4 |
| 12 | कोलकाता | 38 | 0 | 34 | 73 | 145 | 3 | 2 | 1 | 7 | 14 |
| 13 | मुम्बई | 0 | 26 | 86 | 113 | 225 | 1 | 4 | 0 | 10 | 22 |
| 14 | नागपुर | 7 | 0 | 8 | 15 | 30 | 1 | 1 | 0 | 1 | 3 |
| 15 | नई दिल्ली | 13 | 0 | 19 | 33 | 65 | 2 | 1 | 1 | 3 | 6 |
| 16 | पटना | 7 | 0 | 13 | 20 | 40 | 1 | 1 | 1 | 1 | 4 |
| 17 | तिरुवनंतपुरम और कोच्चि | 3 | 0 | 11 | 16 | 30 | 1 | 1 | 0 | 1 | 3 |

अजा – अनुसूचित जाति, अजा – अनुसूचित जनजाति, अपिव – अन्य पिछड़ा वर्ग, सामा – सामान्य, अर्थात अनारक्षित, विकलांग – शारीरिक अक्षमता वाले व्यक्ति, वीएच – दृष्टि बाधित, एचआई – श्रवण बाधित, ओएच – अस्थि विकलांगता, एक्स – भूतपूर्व सैनिक, ईएक्स-1 – विकलांग भूतपूर्व सैनिक/ सैन्य कार्रवाई में मृत सैनिकों के आश्रित, एक्स-2 – भूतपूर्व सैनिक (सामान्य)

* उक्त कोटे (विकलांग और भूतपूर्व सैनिक) के तहत चयनित उम्मीदवारों को उनके समुचित वर्ग, अर्थात अजा/अजजा/अपिव/सामान्य में रखा जाएगा और आरक्षण की कुल प्रतिशतता अजा/अजजा/अपिव के लिए प्रदत्त आरक्षण से अधिक नहीं होगी।

परिणाम को अंतिम रूप देते समय भारत सरकार के विद्यमान दिशानिर्देशों के अनुसार विभिन्न वर्गों के लिए आरक्षण रखा जाएगा।

**नोट :**

**क : विकलांग व्यक्ति :**

(i) अस्थि-विकलांगता वाले व्यक्ति वे हैं जिन्हें अस्थि-दोष या रचना के कारण अस्थियों, पेशियों और शरीर के जोड़ों के सामान्य संचालन में बाधा आती है। इन मामलों में अक्षमता की डिग्री न्यूनतम 40 प्रतिशत होनी चाहिए।

(ii) श्रवण बाधित व्यक्ति वे हैं जिनमें सहज जीवन के प्रयोजन के लिए जरूरी श्रवण क्षमता नहीं है। यहां तक कि ये लोग बहुत ऊँची ध्वनियां भी सुनने, समझने में बिलकुल सक्षम नहीं होते हैं। इस वर्ग में वे लोग आएंगे जिनके बेहतर कान में 60 डेसिबल से अधिक की श्रवण क्षमता नष्ट हो चुकी है (गंभीर अक्षमता) या दोनो कानों से सुनाई नहीं देता है। अक्षमता की डिग्री 40 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए और (iii) दृष्टि से अक्षम उम्मीदवार निम्नलिखित में से कोई एक अक्षमता होनी चाहिए :

(क) पूर्णतया दृष्टिहीन।

(ख) बेहतर आँख में करेक्टिंग लेन्स लगाकर दृष्टि क्षमता 6/60 या 20/200 (स्नेलेन) से अधिक नहीं हो।

(ग) दृष्टि का दायरा 20 डिग्री या इससे खराब की सीमा में आता हो।

(iii) शारीरिक अक्षमता वाले उम्मीदवारों के पास इस आशय का नवीनतम प्रमाणपत्र होना चाहिए जो भारत सरकार/ राज्य सरकार के विभाग/अस्पताल द्वारा जारी किया गया हो।

**ख. भूतपूर्व सैनिक :**

**(I) परिभाषा**

भूतपूर्व सैनिक का अर्थ है ऐसा व्यक्ति जिसने भारतीय संघ की नियमित थलसेना, जलसेना और वायुसेना में किसी भी रैंक (चाहे युद्धक रहा हो या गैर-युद्धक) में सेवा की हो; लेकिन इसमें वे व्यक्ति शामिल नहीं किए जाते जिन्होंने डिफेन्स सिक्यूरिटी कोर, सामान्य रिज़र्व इंजीनियरिंग फोर्स, लोक सहायक सेना और अर्द्धसैनिक बलों में सेवा की हो और जो ऐसी सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद इनसे अपनी पेंशन ले रहे हों; या जो सैन्य सेवा की वजह से या अपने नियंत्रण से परे की स्थितियों के कारण मेडिकल आधारों पर सेवा से कार्यमुक्त किए गए हों; या जो स्थापना में मितव्ययिता के कारण कटौती के परिणामस्वरूप ऐसी सेवा से अपनी ओर से अनुरोध के अलावा कार्यमुक्त किए गए हों; या जो अपनी ओर से अनुरोध के अलावा नियोजन की निर्धारित अवधि पूरी करने के बाद ऐसी सेवा से कार्यमुक्त किए गए हों या जो बर्खास्तगी या कदाचार या अदक्षता के कारण डिस्चार्ज किए गए हों और ग्रेच्युटी पा चुके हों और इनमें निम्नलिखित वर्गों की प्रादेशिक आर्मी के कार्मिक भी शामिल हैं – अर्थात

क) लगातार सैनिक सेवा के लिए पेंशन धारक;

ख) सैनिक सेवा के दौरान शारीरिक रूप से अक्षम होने वाले व्यक्ति, और

ग) शौर्य पुरस्कार विजेता

भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित कोटा भूतपूर्व सैनिकों के लिए निर्धारित दो वर्गों अर्थात (i) विकलांग भूतपूर्व सैनिक/ सैन्य कार्रवाई में मारे गए भूतपूर्व सैनिकों के आश्रित, और (ii) भूतपूर्व सैनिक (सामान्य) के बीच आपस में परिवर्तनीय है, लेकिन तभी जब किसी एक वर्ग के तहत प्राप्त आवेदनों की संख्या कम रहे तो शेष रिक्तियों को भरने के लिए दूसरे वर्ग का प्रयोग कर लिया जाएगा। नियुक्ति के मामले में विकलांग भूतपूर्व सैनिकों को पहली प्राथमिकता दी जाएगी और सैन्य कार्रवाई में मारे गए रक्षा सेवा कार्मिक या गंभीर रूप से विकलांग (रक्षा सेवा के कारण 50 प्रतिशत से अधिक विकलांगता होने पर) दो परिवारों के दो आश्रितों को दूसरी प्राथमिकता दी जाएगी। 'विकलांग हुए भूतपूर्व सैनिक' के तहत आरक्षण के प्रयोजन से उसे माना जाएगा जो भारत के संघ की सशस्त्र सेनाओं में सेवा के दौरान शत्रु के खिलाफ या अशांत क्षेत्रों में या शांति के समय कार्रवाई के दौरान विकलांग हुआ हो और विकलांगता के कारण "EEE" मेडिकल वर्ग में आ गया हो, बशर्ते संबंधित प्राधिकारियों द्वारा इस विकलांगता का कारण सैनिक सेवा को स्वीकार कर लिया गया हो। भूतपूर्व सैनिकों और सैन्य कार्रवाई में मारे गए सैनिकों के आश्रितों के लिए आरक्षित रिक्तियों में सैन्य कार्रवाई के दौरान विकलांग हुए भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए आरक्षित रिक्तियों को शामिल नहीं किया गया है। इसके अलावा, सैन्य कार्रवाई में मारे गए भूतपूर्व सैनिकों के आश्रित उच्चतम आयु सीमा,

शैक्षिणिक योग्यता या आवेदन शुल्क का भुगतान करने से छूट के हकदार नहीं होंगे।

**2 पात्रता मानदंड :**

**(क) आयु (01-03-2012 को)** :

आयु 18 और 28 वर्ष के बीच हो, अर्थात उम्मीदवार का जन्म 02/03/1984 से पहले और 01/03/1994 के बाद नहीं हुआ हो।

**उच्चतर आयु सीमा में छूट** :

उच्चतर आयु सीमा में निम्नलिखित वर्ग के उम्मीदवारों को छूट दी गई है :

| | वर्ग | उच्चतर आयु सीमा में छूट |
|---|---|---|
| (i) | अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति (अजा /अजजा) | 5 वर्ष अर्थात 33 वर्ष तक |
| (ii) | अन्य पिछड़ा वर्ग (अपिव) | 3 वर्ष अर्थात 31 वर्ष तक |
| (iii) | शारीरिक अक्षमता वाले व्यक्ति | 10 वर्ष (सामान्य) 13 वर्ष (अपिव) और 15 वर्ष (अजा /अजजा) |
| (iv) | भूतपूर्व सैनिक | सशस्त्र सेनाओं में की गई कुल सेवा की अवधि में तीन साल जोड़ते हुए, लेकिन अधिकतम आयु 50 वर्ष से अधिक नहीं। |
| (v) | विधवाएं/तलाकशुदा/कानूनी तौर पर अलग रह रही महिलाएं जिन्होंने पुन: विवाह नहीं किया है | 10 वर्ष |
| (vi) | बैंकिंग संस्थाओं/सरकारी कार्यालयों के भूतपूर्व कर्मचारी, जिनकी सेवा न्यूनतम एक वर्ष की सेवा के बाद मितव्ययता के प्रयोजन से समाप्त कर दी गई और जो रोजगार केन्द्रों के माध्यम से आवेदन कर रहे है। | 6 वर्ष |

**नोट : उक्त प्रकारों या इनके साथ कोई और प्रकार मिलाते हुए आयुसीमा में संचयी छूट नहीं दी जाएगी।**

**(ख) शैक्षणिक योग्यता ( 01-03 -2012 को ) : किसी भी विषय** में न्यूनतम सकल 50% अंकों (अजा/अजजा/विकलांग उम्मदीवारों के मामले में उत्तीर्णांक) सहित स्नातक डिग्री और पीसी पर वर्ड प्रोसेसिंग का ज्ञान। भूतपूर्व सैनिकों के वर्ग से संबंधित उम्मीदवारों को या तो किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक होना चाहिए या फिर सशस्त्र सैन्यबलों के मैट्रिकुलेशन या इसके समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए और रक्षा सेवाओं में न्यूनतम 15 वर्ष की सेवा कर चुके हों। स्नातक डिग्री नीचे बताए गए भर्ती जोन में स्थित विश्वविद्यालय से होनी चाहिए:

नोट :

उम्मीदवार जिस कार्यालय के लिए आवेदन कर रहे हों उन्हें उसी भर्ती क्षेत्र में स्थिति विश्वविद्यालय/बोर्ड से अर्हक परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए।

| | **कार्यालय का नाम** | **भर्ती क्षेत्र** |
|---|---|---|
| 1. | अहमदाबाद | गुजरात और दमन और दिउ संघ राज्य क्षेत्र |
| 2. | बैगलूरु | कर्नाटक |
| 3. | भोपाल | छत्तीस गढ़ और मध्य प्रदेश |
| 4. | भुवनेश्वर | उड़ीसा |
| 5. | चंडीगढ़ | हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र |
| 6. | चेन्नई | तमिलनाडु और पांडिचेरी |
| 7. | गुवाहाटी | असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैन्ड, और त्रिपुरा |
| 8. | हैदराबाद | आन्ध्र प्रदेश |
| 9. | जयपुर | राजस्थान |
| 10. | जम्मू | जम्मू और कश्मीर |
| 11. | कानपुर/लखनऊ | उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड |

| | | |
|---|---|---|
| 12. | कोलकाता | पश्चिम बंगाल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और सिक्किम |
| 13. | मुम्बई | महाराष्ट्र (विदर्भ क्षेत्र शामिल नहीं) गोवा और दादरा व नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र विदर्भ क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति वर्ग के उम्मीद वार मुम्बई कार्यालय के तहत रिक्तियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। |
| 14. | नागपुर | महाराष्ट्र राज्य का विदर्भ क्षेत्र और छत्तीस गढ़ |
| 15. | नई दिल्ली | दिल्ली और हरियाणा |
| 16. | पटना | बिहार और झारखंड |
| 17. | तिरुवनंतपुरम | केरल और लक्षद्वीप द्वीपसमूह |

हालांकि, भूतपूर्व सैनिकों / रिज़र्व बैंक के भूतपूर्व कर्मचारियों के लिए यह शर्त लागू नहीं है।

**(ग) चयन की स्कीम :** लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से यह चयन किया जाएगा। लिखित परीक्षा 200 अंकों की होगी और यह परीक्षा **रविवार, 29 अप्रैल 2012** को ली जाएगी।

*i)* लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी और इसमें पाँच प्रकार के वस्तुनिष्ठ परीक्षण होंगे, अर्थात *(i)* तर्क शक्ति परीक्षण *(ii)* अंग्रेजी भाषा-परीक्षण *(iii)* अंकीय योग्यता का परीक्षण *(iv)* सामान्य ज्ञान परीक्षण और *(v)* कम्प्यूटर ज्ञान का परीक्षण, प्रत्येक भाग 40 अंकों का होगा। उम्मीदवार को प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षण में अलग-अलग उत्तीर्ण करना होगा।

*ii)* लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के रोल नंबर बैंक की वेबसाइट पर देखे जा सकेंगे और इस आशय की संक्षिप्त सूचना जून 2012 के मध्य में प्रमुख अखबारों में प्रकाशित की जाएगी।

*iii)* वस्तुनिष्ठ परीक्षणों में कुल प्राप्तांकों में पर्याप्त रूप से उच्च मैरिट पाने वाले उम्मीदवारों को पर्याप्त संख्या में साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, इस मैरिट का निर्धारण बैंक द्वारा निर्धारित रिक्तियों के संबंध में निर्णय के आधार पर होगा।

iv) लिखित परीक्षा और साक्षातकार में उम्मीद वार के निष्पादन के आधार पर मैरिट के अनुसार अंतिम चयन किया जाएगा।

**3. परीक्षा केन्द्र** : लिखित परीक्षा का आयोजन निम्नलिखित केन्द्रों पर किया जाएगा (केन्द्रों की कोड संख्या कोष्ठकों में दी गई है):

| केन्द्र का नाम | कोड सं. | केन्द्र का नाम | कोड सं. | केन्द्र का नाम | कोड सं. |
|---|---|---|---|---|---|
| अहमदाबाद | (11) | जम्मू | (23) | तिरुवनंतपुरम | (35) |
| बैंगलूरु | (12) | कानपुर | (24) | अगरतला | (36) |
| भोपाल | (13) | कोच्चि | (25) | अयजल | (37) |
| भुवनेश्वर | (14) | लखनऊ | (26) | इम्फाल | (38) |
| कोलकाता | (15) | मुम्बई | (27) | ईटानगर | (39) |
| चंडीगढ़ | (16) | नागपुर | (28) | कोहिमा | (40) |
| चेन्नई | (17) | नई दिल्ली | (29) | पोर्ट ब्लेयर | (41) |
| गुवाहाटी | (18) | पणजी | (30) | शिलांग | (42) |
| हैदराबाद | (19) | पटना | (31) | इलाहाबाद | (43) |
| जयपुर | (20) | पुणे | (32) | रायपुर | (44) |
| मदुरै | (21) | शिमला | (33) | देहरादून | (45) |
| औरंगाबाद | (22) | सिलीगुड़ी | (34) | कोयम्बतूर | (46) |

उम्मीदवार केवल एक केन्द्र का चयन कर सकते हैं और ऑन लाइन आवेदन करते समय केन्द्र का नाम और कोड अवश्य भरें। लिखित परीक्षा के केन्रद और तारीखों का चयन बैंक के विवेकानुसार किया जा सकता है। किसी भी केन्द्र पर लिखित परीक्षा रद्द होने की स्थिति में संबंधित उम्मीदवारों को बैंक अपने विवेकानुसार वैकल्पिक केन्द्र आबंटित कर सकता है। लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in. पर दिए गए लिंक के माध्यम से उम्मीदवारों द्वारा डाउनलोड किए जा सकेंगे। प्रवेश पत्र के बिना उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। **परीक्षा केन्द्र बदलने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**4. सेवा की शर्तें / कैरियर संभावनाएं :**

(i) **वेतन मान :** चयनित उम्मीदवारों को 8,040 – 410 – 9270 – 500 – 11,270 – 550 – 13,470 – 650 – 15,420 – 720 – 16,140 – 990 – 20,100 (20 वर्ष) के वेतन मान में आरंभ में 8,860/- प्रतिमाह (अर्थात 8,040/- में दो वेतन वृद्धियां देते हुए, जो केवल सूनातकों को देया होंगी) और समय समय पर स्वीकार्य अन्य भत्ते अर्थात मंहगाई भत्ता, आवास किराया भत्ता, शहर प्रतिपूर्ति भत्ता, परिवहन भत्ता आदि दिया जाएगा। वर्तमान में सहायकों के लिए आरंभिक मासिक सकल परिलब्धियां लगभग 19,340/- हैं।

**(ii) अतिरिक्त सुविधाएं :**

उपलब्धता के आधार पर बैंक का आवास, पात्रता के अनुसार कार्यालयीन प्रयोजनों से वाहन के रखरखाव पर व्यय की प्रतिपूर्ति, अख़बार, ब्रीफकेस, पुस्तक अनुदान, आवास सज्जा के लिए भत्ते आदि। पात्रता के अनुसार ओपीडी इलाज/अस्पताल में रहकर इलाज कराने के लिए मेडिकल व्यय की प्रतिपूर्ति के अलावा डिसपेंसरी सुविधा, ब्याज मुक्त त्यौहार अग्रिम, छुट्टी किराया रियायत (स्वयं के लिए, पति या पत्नी और पात्र आश्रितों के लिए दो वर्ष में एक बार)। आवास, कार, शिक्षा, उपभोक्ता वस्तुओं, पर्सनल कम्प्यूटर, आदि के लिए ब्याज की रियायती दरों पर ऋण और अग्रिम। भर्ती कर लिए गए उम्मीदवारों को ग्रेच्युटी के अलावा निश्चित अभिदान वाली नवीन पेंशन स्कीम के तहत रखा जाएगा। इस पद के लिए कुल वेतन और भत्तों के साथ देय अतिरिक्त सुविधाओं को मिलाकर (आवास के अलावा) बैंक पर .2,63,500 वार्षिक की लागत आती है।

**(iii)** उच्चतर ग्रेड में पदोन्नति की समुचित संभावनाएं हैं।

**(iv)** चयनित उम्मीदवारों को आरंभ में बैंक के उसी भर्ती क्षेत्र में स्थित कार्यालय में पोस्ट किया जाएगा, जिसमें उन्होंने आवेदन किया था। तथापि, प्रशासनिक जरूरतें होने पर उन्हें पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में स्थानांतरित किया जा सकता है, इन चारों क्षेत्रों में कार्यालय इस प्रकार हैं:

(i) अहमदाबाद , भोपाल (रायपुर सहित), मुम्बई (बेलापुर सहित), नागपुर, पुणे और पणजी - पश्चिमी क्षेत्र।

(ii) बैगलूरु , चेन्नई , हैदराबाद , कोच्चि और तिरुवनंतपुरम - दक्षिणी क्षेत्र।

(iii) चंडीगढ़ (शिमला सहित), जयपुर, जम्मू / श्रीनगर, कानपुर, लखनऊ (देहरादून सहित) और नई दिल्ली – उत्तरी क्षेत्र।

(iv) भुवनेश्वर , गुवाहाटी (पूर्वोत्तर के सभी राज्यों सहित), कोलकाता और पटना (रांची सहित) – पूर्वी क्षेत्र।

**5. आवेदन शुल्क (लौटाया नहीं जाएगा)**:

.385/- (केवल तीन सौ पिचासी रुपये)। अजा/अजजा/विकलांग उम्मदीवारों द्वारा कोई शुल्क देय नहीं है। एक बार भुगतान कर दिए गए शुल्क को किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जाएगा।

**6.** आवेदन कैसे करें

ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए मार्गदर्शन **:**

(नोट – उम्मीदवारों की अपनी वैध ईमेल आइडी होनी चाहिए। इससे वे अपना कॉल लैटर/ साक्षात्कार सूचना आदि ईमेल से प्राप्त कर सकेंगे/सकेंगी।)

विकल्प – **I :** शुल्क का भुगतान (ऑफ लाइन भुगतान) :

(i) उम्मीदवार सबसे पहले अपना फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें, फोटो और हस्ताक्षर को स्कैन करने के बारे में आगे विस्तार से बताया गया है।

(ii) उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट **www.rbi.org.in** पर ऑन लाइन आवेदन करें।

(iii) आवेदन फॉर्म सावधानी से भरें। यदि उम्मीदवार फॉर्म में सभी डेटा एक बार में नहीं भर पाए हों तो वे जितना डेटा भर चुके हैं उसे save कर सकते/सकती हैं। डेटा सेव करने के बाद पंजीकरण संख्या और पासवर्ड तैयार कर दिया जाएगा और यह स्क्रीन पर दिखाई देगा। उम्मीदवार इस पंजीकरण संख्या और पासवर्ड को नोट कर लें। यह पंजीकरण संख्या और पासवर्ड बताते हुए ई-मेल और SMS भी भेजा जाएगा। यदि ब्यौरों में कोई बदलाव जरूरी हो तो इस पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का प्रयोग करते हुए उम्मीदवार सेव किए हुए डेटा को फिर से खोल सकते हैं। यह सुविधा केवल तीन बार ही प्रयोग की जा सकेगी। आवेदन फॉर्म में पूरी जानकारी भर देने के बाद उम्मीदवार अपना डेटा submit करें।

उम्मीदवारों को चाहिए किए सिस्टम से शुल्क भुगतान का जो चालान तैयार किया है, उसे फौरन ही प्रिन्ट कर लें। इसके बाद कोई परिवर्तन/एडिट करने की अनुमति नहीं होगी। इस स्तर पर यह पंजीकरण अस्थायी है।

(iv) **शुल्क का भुगतान :** पंजीकरण हो जाने के बाद दूसरे कार्यदिवस से शुल्क का भुगतान तीन दिन के भीतर करना होगा। यह भुगतान बैंक ऑफ बड़ौदा/ बैंक ऑफ इंडिया/ इंडियन ओवरसीज बैंक/सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया/ पंजाब नेशनल बैंक/ यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में किया जा सकेगा। शुल्क जमा करने के लिए सिस्टम द्वारा तैयार भुगतान चालान का प्रयोग किया जाए (उदाहरण के लिए यदि किसी ने अपना पंजीकरण 23.02.2012 को किया है तो वह शुल्क की रकम 25 से 28 फरवरी, 2012 तक कर सकता/सकती है, इसमें 26 फरवरी को कार्यदिवस नहीं माना गया है)। शुल्क का भुगतान हो जाने के बाद पंजीकरण की प्रकिया पूरी हो जाएगा।

(v) शुल्क का भुगतान हो जाने की तारीख से दो कार्य दिवस के बाद उम्मीदवार को SMS/ई-मेल से पंजीकरण की पुष्टि प्राप्त हो जाएगी। ध्यान रहे कि आप सही मोबाइल नंबर/ ईमेल पता दें, ताकि पंजीकरण की पुष्टि प्राप्त कर सकें।

नोट – शुल्क का भुगतान करने की तारीख से तीन दिन के बाद प्रस्तुत आवेदन का प्रिन्ट लेने का प्रावधान भी है, जिसमें शुल्क का विवरण भी रहेगा।

विकल्प – **II :** शुल्क का भुगतान : [ऑन लाइन भुगतान] :

(I) ऊपर विकल्प – **I** के तहत बताए गए (i) से (iii) तक के कार्य करें, अभी भुगतान चालान तैयार नहीं होगा, अब आप वहीं पर दर्शाए गए पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं।

(II) अपने आवेदन फॉर्म में सभी जानकारी ठीक तरह से भरने के बाद ही आप पेमेन्ट गेटवे के जरिए भुगतान करने की ओर बढ़ें – यह गेटवे आवेदन के साथ ही होगा औद स्क्रीन पर सभी अनुदेश दिखाई देंगे। ध्यान रहे कि इसके बाद आवेदन में किसी परिवर्तन/एडिट की अनुमति नहीं होगी।

(III) ऑन लाइन भुगतान करने के लिए आप MASTER/VISA डेबिट/क्रेडिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग का प्रयोग कर सकते हैं, इसके सभी अनुदेश आपको स्क्रीन पर दिखाई देंगे। ऑन लाइन भुगतान पर आने वाले खर्च उम्मीदवार को ही उठाने होंगे।

(IV) भुगतान कार्य सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद ही ई-रसीद और आवेदन फॉर्म् तैयार हो जाएगा। उम्मीदवार अपने रिकार्ड के लिए इसका प्रिन्ट ले सकते हैं।

(V) यदि ऑन लाइन कार्रवाई सफलतापूर्वक पूरी नहीं हुई है, तो उम्मीदवार फिर से पंजीकरण कर सकते हैं। इसके लिए उम्मीदवार फिर से ऑनलाइन आवेदन लिंक पर जाएं, अपने आवेदन के ब्यौरे फिर से भरें और ऑन लाइन भुगतान करें।

नोट – ई-रसीद और शुल्क भुगतान सहित आवेदन फॉर्म को बाद में भी प्रिन्ट करने का प्रावधान रखा गया है।

**7. सामान्य नियम/ अनुदेश :**

(i) ऑन लाइन आवेदन करते समय उम्मीदवारों को **किसी भी पते पर अपने आवेदन का प्रिन्ट या कोई प्रमाणपत्र या इनकी प्रतिलिपियां भेजने की जरूरत नहीं है।** आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर ही आपकी उम्मीदवारी पर विचार किया जाएगा। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि ऑन लाइन आवेदन में दी गई जानकारी गलत/झूठी है या बैंक के अनुसार उम्मीदवार पात्रता के मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है तो उसकी उम्मीदवारी/नियुक्ति को रद्द/समाप्त कर दिया जाएगा।

(ii) सभी शैक्षणिक योग्यताएं भारत या विदेश के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों से प्राप्त होनी चाहिए। यदि अंकों के स्थान पर ग्रेड दिए गए हैं तो उम्मीदवारों को चाहिए कि वे ग्रेड का अंकीय समकक्ष स्पष्ट रूप से बताएं।

(iii) उम्मीदवार स्वयं को संतुष्ट कर लें कि जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हों वे उसके लिए पात्र हैं। इस पद के लिए समुचित शुल्क (जहां भी लागू हो) के साथ आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को ऑन लाइन आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर लिखित परीक्षा के लिए बैंक द्वारा प्रवेश दिया जाएगा, और उनकी पात्रता का निर्धारण बाद में अर्थात साक्षात्कार के स्तर पर किया जाएगा।

(iv) आवेदन के लिए पात्रता के बारे में सलाह देने के लिए उम्मीदवारों के किसी भी अनुरोध पर बैंक विचार नहीं करेगा।

(v) **सभी पंजीकृत उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है कि वे बैंक की वेबसाइट से ही कॉल लैटर डाउनलोड करें,** ये कॉल लैटर उचित समय पर लेकिन लिखित परीक्षा से काफी पहले उपलब्ध करा दिया जाएगा। **इसकी जानकारी ईमेल / SMS से भी भेजी जाएगी।**

(vi) **लिखित परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवारों को अपने खर्च पर आना होगा।** हालांकि, साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को उनके निवास/कार्य करने के स्थान में से जो भी समीप हो वहां से साक्षात्कार के स्थान तक सबसे छोटे रेलवे मार्ग से रेलवे का वास्तविक **II** AC रेलवे किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

(vii) बैंक के साथ इस बारे में सभी पत्राचारों में **आवेदन प्रस्तुत करने के बाद प्राप्त पंजीकरण संख्या और प्रवेश पत्र में दिए गए रोल नंबर** का उल्लेख अवश्य करें।

(viii) ऐसे उम्मीदवार जो पहले ही सरकारी/अर्द्ध सरकारी संगठनों और सरकारी क्षेत्र के बैंकों/उपक्रमों में नौकरी पर हैं, उन्हें **साक्षात्कार के समय** अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। हालांकि, भारतीय रिज़र्व बैंक में नियुक्ति से पहले अपने नियोक्ता से समुचित कार्यमुक्ति का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

(ix) किसी भी प्रकार की सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा।

(x) पात्रता, परीक्षाओं के आयोजन, साक्षात्कार, आकलन, लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में न्यूनतम अर्हक मानकों के निर्धारण, रिक्तियों की संख्या और परिणामों को सूचित करने के बारे में बैंक का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा, और इस बारे में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किए जाएगा।

(xi) जहां परीक्षा का आयोजन किया गया है उस परिसर में मोबाइल फोन, पेजर या संचार का कोई भी साधन लाने की अनुमति नहीं है। यदि इन अनुदेशों का उल्लंघन किया गया तो उम्मीदवार को अयोग्य माना जाएगा और भविष्य में होने वाली परीक्षाओं में भी उन पर प्रतिबंध रहेगा।

(xii) बैंक द्वारा उम्मीदवारों को अंक तालिका नहीं दी जाएगी। हालांकि लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्राप्तांकों को अंतिम परिणामों की घोषणा के बाद बैंक की वेबसाइट पर देखा जा सकेगा।

(xiii) इन पदों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक (स्टाफ के उम्मीदवारों) के कर्मचारी भी आवेदन कर सकेंगे, बशर्ते वे बैंक द्वारा अलग से निर्धारित पात्रता मानदंडों को संतुष्ट करते हों।

(xiv) इस विज्ञापन की वजह से यदि कोई विवाद पैदा होता है तो वह केवल मुम्बई में स्थिति न्यायालयों के एकल अधिकार क्षेत्र में ही निपटाया जाएगा।

अनुलग्नक-**I**

**<u>फोटोग्राफ</u> और हस्ताक्षर स्कैन करने के लिए मार्गदर्शन**

आन लाइन आवेदन करने से पहले यह जरूरी है कि उम्मीदवार अपनी फोटो और हस्ताक्षर को स्कैन कर लें। इसका तरीका निम्नानुसार रहेगा:

**(i)** फोटोग्राफ इमेज **:**

_ आपका फोटोग्राफ नवीनतम और पासपोर्ट स्टाइल का नवीनतम कलर फोटो होना चाहिए।

_ फोटो कलर में होना चाहिए, और बैक ग्राउंड हलके रंग में होनी चाहिए, बैकग्राउंड सफेद हो तो बेहतर रहेगा।

_ शांत चेहरे से सीधे कैमरे की तरफ देखें।

_ यदि फोटो धूप में लिया जा रहा हो तो खुद को छाया में रखते हुए फोटो खिंचवाएं ताकि आपकी आंखें बंद नहीं हों और परछाई भी नहीं बने।

_ यदि फ्लैश का प्रयोग किया हो तो 'रेड आई' नहीं आने पाए।

_ यदि आप चश्मा लगाते हों तो ध्यान रखें कि चश्में की लेन्स से आपकी आंखे साफतौर पर दिखई दें।

_ टोपी, हैट और गहरे रंग के चश्मे वाले फोटो स्वीकार नहीं किए जाएंगे। धार्मिक पगड़ी की अनुमति है लेकिन इससे आपका चेहरा ढका नहीं होना चाहिए।

_ आकार 200 x 230 पिक्सेल (बेहतर)

_ इमेज फाइल का साइज 20kb – 50 kb के बीच रहे।

_ यह निश्चित कर लें कि स्कैन की हुई इमेज फाइल का आकार 50KB से ज्यादा नहीं हो। यदि फाइल का साइज 50 KB बन रहा हो तो रिजोल्यशन, कलर संख्या आदि के लिए स्कैनर की सेटिंग बदल लें, फिर स्कैनिंग करें।

**(ii) हस्ताक्षर की इमेज :**

_ उम्मीदवार सफेद कागज पर काली स्याही से हस्ताक्षर करें।

_ उम्मीदवार स्वयं ही हस्ताक्षर करें, कोई दूसरा हस्ताक्षर नहीं करे।

_ यही हस्ताक्षर हॉल टिकट पर और जहां भी जरूरी हुआ वहां प्रयोग किया जाएगा।

_ यदि परीक्षा के समय उत्तर पुस्तिका पर आवेदक के हस्ताक्षर और हॉल टिकट पर किए गए हस्ताक्षर बेमेल हुए तो आवेदक अयोग्य हो जाएगा।

_ आकार 140 x 60 पिक्सेल (बेहतर)

_ इमेज फाइल का आकर 10kb – 20kb के बीच रहे।

_ निश्चित कर लें कि स्कैन की गई इमें फाइल का आकार 20KB से अधिक नहीं हो।

फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैनिंग **:**

_ स्कैनर को न्यूनतम 200 dpi (dots per inch) के रिजोल्यूशन पर रखें।

_ कलर को True Color पर रखें।

_ फाइल का आकार ऊपर बताए अनुसार रखें।

_ स्कैनर पर फोटो/हस्ताक्षर की इमेज पर एक दम किनारे तक crop करें, फिर फाइल को सही आकार (ऊपर बताए अनुसार) का बनाने के लिए अपलोड एडिटर में इमेज को crop करें।

_ इमेज फाइल को .JPG या .JPEG फॉर्मेट में तैयार करें, जैसे कि फाइल का नाम : image01.jpg या image01.jpeg होना चाहिए। आप इमेज के आकार को फोल्डर फाइल की लिस्टिंग द्वारा या फाइल इमेज के आइकॉन पर माउस प्वांटर ले जाकर देख सकते हैं।

MS Windows/MSOffice का प्रयोग करने वाले उम्मीदवार फोटो और हस्ताक्षर को आसानी से 50KB और 20KB के आकार की .jpeg फॉर्मेट में तैयार कर सकते हैं। इसके लिए MS Paint या MSOffice Picture Manager का प्रयोग कर सकते हैं। फोटो और हस्ताक्षर का स्कैन करके बनी हुई किसी भी फॉर्मेट की फाइल को File menu में 'Save As' विकल्प का प्रयोग करके आसानी से .jpg फॉर्मेट में 50KB (फोटोग्राफ) और 20KB(हस्ताक्षर) की फाइल तैयार की जा सकती है। फाइल का आकार कम करने के लिए 'Image' मेनू में crop और फिर resize विकल्प (कृपया ऊपर दिए हुए (i) और (ii) को देखें – जिनमें पिक्सेल आकार बताए गए हैं)। दूसरे फोटो एडिटरों में ऐसे विकल्प उपलब्ध हैं।

यदि फाइल का आकार और फॉर्मेट ऊपर बताए अनुसार नहीं हुआ तो error message दिखाई देगा।

ऑन लाइन आवेदन फॉर्म भरते समय उम्मीदवार पेज 1 पर अपने विवरण भरें, यह जांच लेने के बाद कि भरे गए सभी विवरण सही हैं तो 'Submit/ Next' बटन पर क्लिक करने के बाद ऑन लाइन आवेदन फॉर्म के पेज 2 पर एक लिंक दिखाई देगा जिसके अनुसार अपना फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करें।

फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने का तरीका

(i) फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दो अलग अलग लिंक रहेंगे।

(ii) संबंधित लिंक अर्थात "Upload Photograph / Signature" पर क्लिक करें।

(iii) उस लोकेशन को Browse करें जहां आपने स्कैन किए हुए फोटो/हस्ताक्षर की फाइल सेव की है।

(iv) फाइल पर क्लिक करके उसका चयन करें।

(v) 'Upload' बटन पर क्लिक करें।

यदि आप अपना फोटो और हस्ताक्षर बताए अनुसार अपलोड नहीं करेंगे तो आपका ऑन लाइन आवेदन पंजीकृत नहीं होगा।

नोट :

क. यदि फोटो में चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है तो उम्मीदवार का आवेदन रद्द कर दिया जाएगा।

ख. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि पंजीकरण के बाद सिस्टम से तैयार किए गए ऑन लाइन आवदेन फार्म का प्रिन्ट आउट निकाल लें।

ग. यदि फोटो या हस्ताक्षर अस्पष्ट हों तो उम्मीदवार अपने आवेदन को एडिट करें और अपने फोटो या हस्ताक्षर को फिर से अपलोड करें।